अमर उजाला 21-11-2025

# जीएमएन कॉलेज ने प्राप्त किया ए प्लस स्वर्ण ग्रेड

**अंबाला सिटी।** जीएमएन कॉलेज ने वर्ष 2025 के एपेक्स एसडीजी पुरस्कार में ए प्लस स्वर्ण ग्रेड प्राप्त किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान कॉलेज की ओर से पूरे वर्ष सतत विकास लक्ष्यों एसडीजीएस पर आधारित 22 नवाचारपूर्ण और प्रभावी गतिविधियों के सफल एवं परिणामकारी संचालन के लिए प्रदान किया गया। कॉलेज ने पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, स्वच्छ ऊर्जा, नवाचार और सामुदायिक सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विभागों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी, साथ ही एपेक्स एसडीजी संयोजक डॉ. अमिता, एसडीजी संयोजक डॉ. भारती विज और सभी गतिविधि संयोजकों को इस उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सराहा। संवाद